Regarding request for improvement in medical infrastructure and facilities in Etah Parliamentary Constituency

श्री देवेश शाक्य (एटा) : धन्यवाद सभापति जी । मेरे लोक सभा क्षेत्र एटा के कासगंज में डॉक्टर्स की कमी के कारण मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । दोनों ही जिलों में जनरल सर्जन, ईएनटी, कार्डियो, गाइनी, एमडी, न्यूरो, कैंसर, ऑर्थो का कोई भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग करता हूं कि यहां डॉक्टर्स की कमी की भरपाई की जाए । इसके साथ ही जनपद-एटा में एक और ट्रॉमा सेंटर बनवाने की मांग इस आशय करता हूं कि हाथरस, फर्रुखाबाद, मैनपुरी और कासगंज में दुर्घटनाओं के कारण तमाम मरीजों को जहां दिल्ली व लखनऊ जाना पड़ता है, क्योंकि उनको वहां उचित व्यवस्था नहीं मिल पाती है । अंत: एटा में ट्रॉमा सेंटर की मांग के साथ-साथ कासगंज जनपद का मेडिकल कॉलेज, जो पीपीपी मोड पर बनाया जाना सुनिश्चित हुआ है, जिसे जमीन अधिग्रहण किए 8 महीने हो गए हैं । इसका काम राजर्षि मेडिकल कॉलेज, बरेली को मिला है । कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है । मेरा माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि स्वास्थ्य सेवाओं को अच्छा बनाने के लिए इन तीनों कामों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए । धन्यवाद ।